आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 13.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय वित्त आयोग की टीम ने आज जगदलपुर में बस्तर के पंचायत प्रतिनिधियों की साथ बैठक की—चार दिवसीय प्रवास के बाद आयोग की टीम आज शाम नई दिल्ली लौट गई है।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन किए।

3— एक नवंबर से छत्तीसगढ़ में लागू होगी नई औद्योगिक नीति—उद्योग मंत्री ने कहा कि निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन।

4— आगामी चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी—तेरह जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी।

केन्द्रीय वित्त आयोग—दौरा

सोलहवें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बस्तर क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि बस्तर के विकास के लिए जो सुझाव दिए गए हैं, वे सभी वित्त आयोग के कार्यक्षेत्र से संबंधित हैं तथा इन पर निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। जगदलपुर कलेक्टोरेट में आज आयोजित बैठक में आयोग की टीम को पंचायत प्रतिनिधियों ने बस्तर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मौके पर आयोग की टीम और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत की गई।

बैठक में बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने बताया कि बस्तर जिले के ग्राम पंचायतों में आश्रित गांव और पारा दूर—दूर तक फैले हुए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा सत्तर प्रतिशत जनसंख्या और तीस प्रतिशत क्षेत्रफल के आधार पर आबंटन प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति में देवगुड़ी, मेला और मंडई की बहुत अधिक मान्यता है। इसे देखते हुए इन स्थलों के लिए भी आबंटन का प्रावधान किया जाना चाहिए।

बैठक में बस्तर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने बस्तर संभाग में माओवाद और पेसा जिले को अतिरिक्त आबंटन प्रदान करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने बस्तर में लघु वनोपज की सामग्री को वैल्यू एडिशन कर सह उत्पाद की श्रेणी में लाने की व्यवस्था करने के लिए भी अतिरिक्त आबंटन की जरूरत बताई।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बस्तर में माओवादी घटनाओं से हुई जनहानि और इससे विकास में पड़ने वाले विपरीत प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए तय रणनीतियों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बस्तर की भौगोलिक, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए वामपंथी उग्रवाद, तकनीकी, प्रशासनिक और आर्थिक भौगोलिक चुनौतियों के संबंध में जानकारी दी।

आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया और टीम के सदस्यों ने कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

इससे पहले, केन्द्रीय वित्त आयोग की टीम ने कल जगदलपुर के पास चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण किया।

आज शाम केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और उनकी टीम रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल से नई दिल्ली लौट गई। गौरतलब है कि यह टीम छत्तीसगढ़ के चार दिवसीय दौरे पर बीते दस जुलाई को रायपुर पहुंची थी।

राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान आपसी सुलह से मोटर दुर्घटना दावा, जल कर, संपत्ति कर और राजस्व संबंधी विभिन्न मामलों का निराकरण किया गया।

उच्च न्यायालय के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कोरबा में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य है कि विवादों को आगे बढ़ाने के बजाय उसे सुलझा लिया जाए।

वहीं, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू ने बालोद जिला न्यायालय पहुंचकर लोक अदालत के कार्यों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट

छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस में नवाचार, तकनीकीकरण, विकेन्द्रीकरण, जनभागीदारी और नागरिक सेवाओं में गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों को शामिल कराने को लेकर विचार–विमर्श किया गया है। इस सिलसिले में नवा रायपुर स्थित राज्य नीति आयोग के कार्यालय में आयोजित बैठक में सुशासन विषय पर गठित वर्किंग समूह के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव, सदस्य डॉक्टर के. सुब्रमण्यम, उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद और चिप्स के सीईओ रितेश अग्रवाल मौजूद थे।

मंत्रिमंडल–अयोध्याधाम यात्रा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य मिला और उन्होंने रामलला से देश और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री अपने साथ प्रभु श्रीराम के लिए उपहार स्वरूप छत्तीसगढ़ के शिवरीनारायण स्थित माता शबरी के पवित्र धाम के मीठे बेर और पानी लेकर गए थे। श्री साय ने प्रभु श्रीराम को छत्तीसगढ़ का विष्णुभोग चावल, सीताफल, विशेष रूप से तैयार करवाई गई मिठाइयां, अईरसा और करी लड्डू का भोग चढ़ाया। साथ ही प्रभु श्रीराम की वस्त्र सज्जा के लिए स्थानीय कोसे से बने वस्त्र भी अर्पित किए।

कोयला/महादेव सट्टा ऐप मामला

छत्तीसगढ़ में हुए कथित कोयला घोटाला मामले में रायपुर जेल में बंद सभी पंद्रह आरोपियों की न्यायिक हिरासत विशेष कोर्ट ने अट्ठारह जुलाई तक बढ़ा दी गई है। न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद निलंबित उपसचिव सौम्या चौरसिया, निलंबित आईएएस रानू साहू, आईएएस समीर बिश्नोई और कांग्रेस नेता सूर्यकांत तिवारी सहित पंद्रह आरोपियों को कल विशेष कोर्ट में पेश किया गया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी की न्यायिक रिमांड अट्ठारह जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

वहीं, महादेव सट्टा ऐप मामले में भी ईओडब्ल्यू ने निलंबित कांस्टेबल सहदेव यादव को कल रायपुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को अट्ठारह जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

उद्योग नीति

आगामी एक नवंबर से छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति लागू होगी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति से छत्तीसगढ़ में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई नीति से प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा।

विजय शर्मा–निर्देश

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और मलेरिया, डायरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कल कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम सोनवाही पहुंचकर जंगली मशरूम खाने से जिन दो ग्रामीणों की बीते दस जुलाई को मृत्यु हो गई थी, उनके परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदना जताई।

प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने सोनवाही गांव के आदिवासी बालक छात्रावास में बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया और मरीजों से चर्चा की। उन्होंने वनांचल क्षेत्र के सभी गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और जल स्रोतो की सफाई करने के निर्देश भी दिए।

रेलवे–बैठक

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय और अधिकार मंत्रालय के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों की आज बिलासपुर में एक बैठक हुई। बैठक में रेलवे में सफाई कर्मचारियों की कार्य शर्तों और कल्याणकारी गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग और छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की परीक्षाएं कल आयोजित की जाएंगी। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कम्बाईण्ड मेडिकल सर्विस की प्रथम पाली की परीक्षा कल सुबह साढ़े नौ बजे से और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू होगी। वहीं, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा बी.एस.सी नर्सिंग परीक्षा की परीक्षा सुबह दस बजे से आयोजित की जाएगी।

रायपुर–गोलीबारी

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में स्थित कोयला कारोबारी के ऑफिस के पास आज दिनदहाड़े अज्ञात नकाबपोशों ने गोलीबारी की। बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार आरोपियों ने कंपनी कार्यालय के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाकर गोली चलाई और भाग निकले। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों की पतासाजी शुरू करने के साथ ही शहर में नाकेबंदी भी की है।

दुर्घटना

जांजगीर–चांपा जिले के ठड़गाबहरा गांव के पास अनियंत्रित होकर एक पिकअप वाहन के पलट जाने से इसमें सवार करीब बीस लोग घायल हो गए हैं। इनमें से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए बिलासपुर रिफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पिकअप वाहन में कुल पैंतीस लोग सवार थे।

हाथी–उत्पात

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ वनमंडल स्थित गोमर्डा परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का दल उत्पात मचा रहा है। इन हाथियों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक इस दल में करीब पच्चीस हाथी शामिल है। इन हाथियों ने बीती रात बगबंध गांव में महुआ खाने के बाद ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त किया। सूचना मिलने पर हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथियों को खदेड़ा। वन अधिकारियों ने जंगल क्षेत्र से सटे गांवों के लोगों से घरों में महुआ नहीं रखने की अपील की है।

मौसम

मानसून द्रोणिका और चक्रवाती घेरे के असर से कल राज्य में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने, अंधड़ चलने और भारी वर्षा होने की चेतावनी भी दी है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से राज्य का उत्तरी और दक्षिणी इलाका रहेगा। मौसम विभाग ने राज्य के तेरह जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई अन्य इलाकों में आज दिनभर रूक–रूककर बारिश होती रही।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्‌ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्‌ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''महासमुंद'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>